हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 न पं फरसगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित



14 अवैध वसूली करने वालों पर होगी कार्रवाई



# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा तिरिया : कलेक्टर

## प्रोजेक्ट की सफलता के लिए ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका जरूरी







हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

ग्राम टाईपदर में जल संसाधन विभाग द्वारा गणेश बहार नाला में स्थापित स्टाप डेम और लिफ्ट एरिगेशन कार्य का गुरुवार को कलेक्टर विजय दयाराम के. ने निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से लिफ्ट एरिगेशन के कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के सफल होने के लिए ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका जरूरी है। सिंचाई योजना से ग्रामीण को होने वाले लाभ के विषय अवगत कराते हुए सिंचाई हेतु स्टोरेज टैंक से श्रमदान से नाली का निर्माण कर प्रशासन का विश्वास जीतने कहा, ताकि ग्रामीणों की मांगों पर अन्य विकास कार्य को गति दी जा सके। उन्होंने कहा कि इस लिफ्ट एरिगेशन से लाभान्वित सिंचित क्षेत्र में सभी हितग्राही नगदी फसल गन्ना की खेती कर लाभ प्राप्त कर सकते है। कलेक्टर ने कहा कि इस योजना के लिए वर्ष 2010 से बेंगलुरू के प्रोफेसर डॉ पुनीत सिंह ने इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए अपना बहुमूल्य योगदान और स्वयं का धन भी लगाया है। इसके अलावा प्रशासन की ओर से आवश्यक संसाधन लगाए गए हैं। इतनी बड़ी लागत से बने प्रोजेक्ट का समुदाय बेहतर उपयोग कर आने वाली पीढ़ी के लिए संसाधन ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### आईईडी बरामद जवानों ने किया नष्ट

**कोंटा।** सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने दुलेड जाने वाले मार्ग में एक प्रेशर आईईडी लगाया था। जिसे जवानों ने बरामद कर नष्ट कर दिया है। सुकमा जिले के थाना चिंतागुफा क्षेत्र अन्तर्गत न्यू कैम्प मुर्करराज कोंडा दुलेड से संयुक्त अभियान पर निकली डीआरजी, सेकंड बटालियन सीआरपीएफ एवं जिला बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से सड़क किनारे लगाये आईईडी को बरामद कर सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा नष्ट किया गया। सुरक्षाबलों के सूझ-बुझ एवं सतर्कता से आईईडी को सुरक्षित तरीके से मौके पर ही नष्ट किया गया। इस दौरान डीआरजी, सेकंड बटालियन सीआरपीएफ एवं जिला बल बीडीएस की टीम मौजूद थी।

### शशिमोहन ने संभाला बस्तर एसपी का प्रभार



**जगदलपुर।** एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा ने नए कप्तान शशिमोहन सिंह को प्रभार सौंपकर दिल्ली रवाना हो गए। बुधवार को 2012 बैच के आईपीएस शशि मोहन सिंह ने एसपी कार्यालय पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। उनके एसपी कार्यालय पहुंचते ही सलामी दी गई वहीं एएसपी महेश्वर नाग के साथ विभाग के अफसरों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि शशि मोहन सिंह पिछले दो वर्ष से पांचवी बटालियन छग सशस्त्र बल जगदलपुर के सेनानी के पद पर पदस्थ हैं।

### युवक ने चाकू से स्वयं का गला रेता, उपचार के दौरान हुई मौत



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुगानी कैम्प के एक युवक ने स्वयं का गला रेत लिया, जिसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी अनुसार ग्राम जुगानी कैम्प निवासी 32 वर्षीय सुब्रत फौजदार ने 11 जनवरी की सुबह अचानक स्वयं का गला चाकू से रेत लिया। परिजनों के अनुसार, सुब्रत बीते कई माह से मानसिक रूप से बीमार था। इसी बीच आज सुबह उसने एकाएक घर पर ही स्वयं का गला रेत लिया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों के द्वारा तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने कोण्डागांव कोतवाली में घटना की सूचना दिया गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया।

### राज्यस्तरीय तीन दिनी मानसगान स्पर्धा 12 से

**धनेलीकन्हार।** राज्यस्तरीय त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी को कलश यात्रा के साथ ग्राम तेलावट में प्रारंभ होगा। तीन दिनो तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के ख्यातिप्राप्त मानस मंडलिया सम्मलित होंगी। आयोजन को लेकर अध्यक्ष सियाराम सलाम, राज जैन, नितेश सलाम, पारस टावरी, मनबहल सलाम, रतन साहु, पीलाराम तेता, रवि शंकर जैन, नम्मू खरे, मनोज जैन, गोविंद सलाम तैयारी में जुटे हुए है।

## चेतावनी : ईडी ने 10 डीई को दिया नोटिस, मार्च तक भुगतान नहीं तो कटेगा वेतन

# सातों जिलों के 10 डिविजन में एई व जेई पर टीसी का 3.61 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खास खबर

- टीसी कनेक्शन की जिम्मेदारी एई व जेई पर भुगतान में कर रहे अनदेखा

बस्तर संभाग के सातों जिलों के 10 डिवीजन के सहायक यंत्री (एई) एवं कनिष्ठ यंत्री (जेई) पर अस्थाई विद्युत कनेक्शन (टीसी) का लगभग 3 करोड़ 61 लाख 62 हजार रूपए का बिजली बिल बकाया है। इसके लिए विद्युत कंपनी जगदलपुर परिक्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ने सभी कार्यपालन अभियंताओं को नोटिस दी कि वे क्षेत्र के टीसी बकायादार एई एवं जेई से मार्च 2024 तक बकाया वसूल करें, पर किसी का ध्यान नहीं होने पर वेतन काटा जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग के सातों जिलों में से जगदलपुर (शहर) संभाग पर 11.29 लाख, जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग पर 28.63 लाख, दंतेवाड़ा संभाग पर 51.72 लाख, बीजापुर संभाग पर 9.19 लाख, सुकमा संभाग पर 85.57 लाख, कांकेर संभाग पर 52.86 लाख, भानुप्रतापपुर 28.26 लाख, पखांजूर संभाग पर 58.29 लाख कोंडागांव संभाग पर 122.70 लाख एवं नारायणपुर संभाग पर 18.83 लाख रूपए सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं पर माह नवंबर 2023 की स्थिति में अस्थाई कनेक्शन का बिजली बिल बकाया है। इसके चलते कार्यपालक निदेशक ने कार्यपालन अभियंता को नोटिस देकर कहा कि टीसी बकायादार एई एवं जेई से मार्च 2024 तक बिल वसूल करें अन्यथा उनके वेतन से बकाया काटा जाएगा। बताया जा रहा है कि अस्थाई कनेक्शन की जिम्मेदारी क्षेत्र के सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं की होती है, पर वे भुगतान कराने में अनदेखा करते हैं।



### कोताही पर वेतन से होगी वसूली

विद्युत वितरण कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने इस संबंध में बताया कि टीसी पर बकाया राशि की वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही बरती जाने पर संबंधित अधिकारी के वेतन से इसकी वसूली की जाएगी। साथ ही ऐसे अधिकारियों के वार्षिक गोपनीय चरित्रावली में टीप भी किया जाएगा।

# 15 दिनों में वाहन बना कर देगा गैरेज संचालक

## बीमा कंपनी व गैरेज संचालक भरेंगे 80 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में स्काई ऑटो मोबाइल को 15 दिवस के अंदर आवेदक की वाहन बना कर देने और गैरेज संचालक तथा रायल सुंदरम बीमा कंपनी पर 40-40 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। उक्त आदेश जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा पारित किया गया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर निवासी अनिल अग्रवाल ने एक मारुति वैगन आर कार स्काई ऑटोमोबाइल से क्रय की थी, जिसका बीमा रॉयल सुंदरम इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया गया था। आवेदक की उक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर आवेदक द्वारा उसे मरम्मत हेतु स्काई ऑटो मोबाइल जगदलपुर में छोड़ा गया था। लेकिन गैरेज संचालक द्वारा नियत समय पर वाहन में मरम्मत कार्य नहीं किया गया और ना ही वाहन की मरम्मत का एस्टीमेट आवेदक को प्रदान किया गया था। इससे बीमा कंपनी द्वारा एस्टीमेट प्राप्त न होने का आक्षेप लेते हुए आवेदक का बीमा दावा निराकृत नहीं किया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि गैरेज संचालक द्वारा नियत समय पर आवेदक की वाहन में मरम्मत न कार्य न कर और मरम्मत का एस्टीमेट आवेदक को प्रदान कर तथा बीमा कंपनी द्वारा लंबे समय आवेदक का क्षतिदावा निराकृत न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु गैरेज संचालक एवं बीमा कंपनी को 40-40 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# कलेक्टर ने किया करणपुर धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- रामपाल मंदिर में दर्शन कर जिले की खुशहाली की कामना की



कलेक्टर विजय दयाराम के. गुरुवार को अपने निरीक्षण दौरा के दरमियान जगदलपुर विकासखंड के करणपुर धान उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किये। उन्होंने धान की नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी का संज्ञान लिया। खरीदी प्रभारी से पंजीकृत किसानों की संख्या, किसानों के द्वारा धान बेचने की स्थिति, रकबा समर्पण की स्थिति, बारदाना की उपलब्धता और धान उठाव की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से धान की उपज और धान में कालापन की स्थिति के संबंध में भी चर्चा किए। उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान रामपाल के ग्रामीणों ने बताया कि उनके ग्राम में पुराना मंदिर है कभी समय मिले तो दर्शन करने जरूर आएं, जिस पर कलेक्टर विजय सहर्ष तैयार हो गए। ग्रामीणजनों के साथ रामपाल स्थित लिंगेश्वर शिव मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर जिले की खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी ने मंदिर के इतिहास को बताते हुए कहा कि वनवास के दौरान श्री राम सीता माई ने कुछ समय इस गांव में व्यतीत किए थे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा गांव में खनन के दौरान वर्ष 1806 का घंटी भी मिला है। वर्तमान में मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य को जन सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, जनपद सीईओ अमित भाटिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# रामभक्त घर-घर पहुंचा रहे पत्रक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अयोध्या के राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बस्तियों में अयोध्या से आए हुए अक्षत, चित्र एवं पत्रक घर-घर पहुंचकर रामभक्त दे रहे हैं। सुबीर नंदी ने जानकारी दी है कि मैत्री संघ में 1 जनवरी से लेकर यह कार्य प्रारंभ हो गया है। पूरी बस्ती राम मय करने का श्रेय राम भक्तों को जाता है। बस्ती प्रमुख दृशान चक्रवर्ती एवं उनके साथी हर्ष उत्साह और प्रभु श्रीराम के भजन को गाजे बाजे के पहुंचा रहे हैं। लोग अक्षत, चित्र, पत्रक लेने के पहले उनके पैर धुलाके आरती पुष्प अर्पित कर भक्ति कर रहे हैं। मैत्री संघ बस्ती के अंतर्गत अब्दुल कलाम वार्ड, गुरु घासीदास वार्ड एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड आता है। इन तीन वार्ड को लेकर बस्ती प्रमुख अपने साथियों के साथ कार्य कर रहे हैं। शहर के सभी बस्ती में राम भक्तों ने अक्षत, चित्र, पत्रक घर घर पहुंचा रहे है। इस दौरान अनिल जैन, पप्पु बर्मा, जय बिस्वास, मुन्ना कोरी,अस्विन पटेल, जितेन्द्र ⏭ शेष पेज 12 पर

# नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में डंप किया गया विस्फोटक बरामद

- डीआरजी व बस्तर फाईटर्स की टीम ने चलाया विशेष अभियान
- दंतेशपुरम व कोराजगुड़ा के बीच किया गया बैरल ग्रनेड लांचर व अन्य सामान बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले के दंतेशपुरम व कोराजगुड़ा इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर विशेष अभियान चलाकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है। डीआरजी व बस्तर फाईटर्स की टीम की घेराबंदी को देखते हुए नक्सली भागने में सफल रहे लेकिन इलाके की सर्चिंग में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सुकमा जिले के भेजी थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला सुकमा के थाना भेजी से डीआरजी व बस्तर फाइटर्स टीम के द्वारा विशेष नक्सल अभियान संचालित किया गया था। सर्चिंग के दौरान दंतेशपुरम एवं कोराजगुड़ा के बीच की पहाड़ी में पुलिस की मौजूदगी देख नक्सली आस-पास के घने जंगलों में भाग खड़े हुए। जवानों द्वारा मौके पर आस-पास के इलाकों की सर्चिंग करने पर बैरल ग्रनेड लांचर (बीजीएल), 12 बोल्ट गन, भरमार, बीजीएल सेल, बीजीएल कॉड्रिज, बीजीएल पिट्टू बैग, मैगजीन पोच, लाल कपड़ा व अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया। विशेष अभियान के बाद डीआरजी व बस्तर फाइटर्स टीम सुरक्षित कैम्प लौट चुकी है।

## 5 वीं से लेकर 10वीं के विद्यार्थियों में होगी प्रतियोगी परीक्षा

# बस्तर के सुदूर और शहरी क्षेत्र के कोहिनूर तराशे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



प्रत्येक क्षेत्र में बस्तर के बच्चे स्कूली व महाविद्यालय के शिक्षार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य विधा में बस्तर का नाम प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे है। लेकिन संसाधनों की कमी के चलते आज भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को अवसर नही मिलने से उनकी प्रतिभा दब जाती है। अब ऐसे बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर रोटरी क्लब के प्रयास से किया जा रहा है। क्लब बस्तर संभाग के सभी 7 जिले और पड़ोसी प्रांत ओड़िशा के 4 जिले के 15 हजार बच्चों का रोटरी टैलेंट एक्जाम करने जा रहा है। यह जानकारी आयोजन के निदेशक अमित जैन ने दी। बस्तर जिला पत्रकार संघ कार्यालय में गुरुवार को पत्रवार्ता में उन्होंने बताया टैलेंट एक्जाम 13 से 18 जनवरी तक समस्त स्कूलों में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन व स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को पहली बार अवसर मिलेगा। प्रथम चरण में 5वीं से 7वीं और दूसरे चरण में 8वीं से 10वीं के बच्चे सम्मलित होंगे। रोटरी क्लब बस्तर के सभी सातों जिलो में पहुंचकर एक्जाम की सुविधा उपलब्ध कराएगी। परीक्षा में सफल टॉप टेन बच्चों का चयन कर उन्हें राज्य स्तरीय टैलेंट एक्जाम में सम्मलित कराया जाएगा। ओड़िशा के 4 जिलों में कोरापुट, कालाहांडी ,नवरंगपुर और मलकानगिरी सम्मिलित है। राज्य स्तरीय टॉप आने वाले बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा के लिए रोटरी क्लब आर्थिक सहयोग करेगा। प्रेसवार्ता में दिलीप सोनी,अमरजीत सोरी व विवेक जैन मौजूद थे।

### रोटरी क्लब का शिक्षा के क्षेत्र में कदम

रोटरी अध्यक्ष दिनेश कागोत ने बताया क्लब पहले ही सामाजिक व अन्य कार्यों में काम कर रहा है। अब पहली बार शिक्षा के क्षेत्र में कदम बढ़ाया है। रोटरी टैलेंट एक्जाम को कराने रोटिरियन सहयोग कर रहे है।

### विषयवार परीक्षा

रोटरी टैलेंट एक्जाम में विषयवार परीक्षा किया जाएगा। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के 35 वस्तुनिष्ठ प्रश्न सम्मलित होगा। बच्चे ओएमआर सीट से परीक्षा देंगे। इसके लिए सुदूर अंचल के स्कूलों के शिक्षको को ट्रेंड किया गया है, ताकि बच्चों को परीक्षा देने में कोई परेशानी न हो।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

**धमतरी।** कौहा पेड़ पर एक अज्ञात युवक की लाश फांसी पर लटकी मिलने से आसपास सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार बुधवार की सुबह लोगों ने ग्राम बागतराई मार्ग पर ओव्हरब्रिज के पास खेत स्थित कौहा पेड़ पर एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस थाने को दी गई। घटनास्थल सोरिदभाट के पास होने के कारण सिटी कोतवाली को जानकारी दी गई। कोतवाली पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। जहां बाईपास ओव्हरब्रिज के आगे बागतराई मार्ग पर एक खेत के बाद मेड़ में लगे कौहा पेड़ में शर्ट के फंदे पर एक युवक की लाश लटक रही थी। शव को फंदे से नीचे उतारकर पुलिस शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। मृतक लाल व काले रंग के धब्बेदार टी शर्ट व काले रंग का रेडिमेड पेंट पहना हुआ है। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। काफी प्रयास के बाद मौके पर मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में शिफ्ट कर दिया है। मृतक की पहचान होने व परिजनों के पहुंचने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। घटनास्थल को पुरूर थाना क्षेत्र माना जा रहा है।

### प्रशिक्षक चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 13 को

**धमतरी।** खेलो इंडिया योजनान्तर्गत धमतरी जिले में कुश्ती खेल का खेल इडिया लघु केन्द्र शुरू किया गया है। खेल अधिकारी ने बताया कि इसके लिये अस्थायी रूप से एक कुश्ती प्रशिक्षक की जरूरत है, जिन्हें शासन के निर्देशानुसार एकमुश्त मासिक मानदेय 25 हजार रूपये, अधिकतम तीन लाख रूपये वार्षिक प्रदान किया जायेगा। योग्य प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिये वॉक इन इंटरव्यू 13 फरवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण, रूद्री में आयोजित किया जायेगा। आवेदन का प्रारूप वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर इच्छुक अभ्यर्थी 29 जनवरी तक कार्यालयीन समय में आवेदन रजिस्टर्ड डाक से अथवा सीधे जमा कर सकते हैं।

### कोलियारी में 15 से सत्संग

**अंवरी।** सद्गुरु कबीर विराजमान मुटाना आश्रम कोलियारी में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी को किया गया है। इसकी तैयारी में संत मुक्तिशरण शास्त्री कबीर मुटाना आश्रम एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### मोंगरा में मड़ई 19 को

**कुरुद।** ग्रामवासियों व युवा समिति द्वारा ग्राम मोंगरा में मड़ई मेला का आयोजन 19 जनवारी को किया जा रहा है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए राग अनुराग लोक कलामंच दुर्ग छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम होगा।

### परसुली, बनरौद, छुही में होगा गायत्री महायज्ञ

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी से परसुली में, 13 से 15 जनवरी तक बनरौद, 20 से 22 जनवरी तक छुही में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस मंगल कलशयात्रा निकाली जाएगी। द्वितीय दिवस गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण एवं दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। अंतिम दिवस महायज्ञ, समस्त संस्कार, पूर्णाहुति, ऋषि पुत्रों की विदाई होगी। आदर्श विवाह के दम्पति को प्रोत्साहन राशि एवं सामग्री प्रदान की जायेगी। इसके लिए पंजीयन आवश्यक है।

### छाती में कबीर सत्संग समारोह आज

**पुरी।** ग्राम छाती में ज्ञान यज्ञ कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 12 एवं 13 जनवरी को किया जा रहा है। सद्गुरु कबीर साहेब के आदर्शों एवं उनके अमूल्य विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संत स्वरुप साहेब मीर नगर बाराबंकी उत्तरप्रदेश आयेंगे। इनके अलावा संत सगेन्द्र साहेब गोबरा नयापारा, पवन साहेब दर्रा एवं अनुकरण साहेब कबीर आश्रम सेनचुआ का भी आगमन होगा। भजन एवं प्रवर्धन 12 जनवरी को सुबह 10 से 1 बजे तक, दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक, 13 जनवरी शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा।

# कलेक्टर ने ग्रामवार जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की, कार्य में देरी न करें

## गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गुरूवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आहुत की गयी। इस बैठक में कलेक्टर ने सभी ग्रामों में अपूर्ण जल जीवन मिशन के कार्यों पर ग्रामवार चर्चा करते हुए तीव्र गति से कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे निर्माण एजेंसी जिन्होंने कार्यादेश के पश्चात अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किये हैं, उनको कार्यों से हटाने एवं ऐसी निर्माण एजेंसियां जिन्होने कार्यों को रोक कर रखा है एवं लम्बे समय से कार्य के लिए निर्धारित अवधि के उपरांत भी कार्य पूर्ण नहीं किया है, उन पर शास्ति अधिरोपित कर उन्हें दण्डित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने क्रेडा द्वारा सोलर पम्प स्थापना वाले कार्यों को विशेष ध्यान देते हुए फरवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कुछ स्थानों पर विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को 07 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कराने को कहा। ऐसे ग्राम जहां कार्य अधिक शेष है उन पर विशेष ध्यान देते हुए सभी गांवों में परियोजना को फरवरी एवं मार्च तक पूर्ण कराते हुए शत प्रतिशत घरों में कार्यरत जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत कार्यों का प्रचार प्रसार कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करने एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।



**मौजूद रहे ये**

इस अवसर पर बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से कार्यपालन अभियंता एचएस मरकाम, सहायक अभियंता किशोर कोल्हे, विरेन्द्र पाण्डे सहित क्रेडा विभाग से उप अभियंता विपिन सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तामीली नोटिस की पावती सुरक्षित रखने दिये निर्देश

# कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया विश्रामपुरी तहसील और जनपद कार्यालय का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को विश्रामपुरी तहसील कार्यालय और जनपद पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान तहसीलदार न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण नियमानुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की नियमित सुनवाई के साथ ही नोटिस तामिली भी सुनिश्चित करवाएं तथा तामिल की गई नोटिस की पावती सुरक्षित रखें। उन्होंने इस दौरान प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को भुगतान किए जाने के लिए आरबीसी 6-4 के तहत लंबित आवेदनों की जानकारी तथा भुगतान व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शासन द्वारा भुगतान किए गए दो वर्षों के विलंबित बोनस भुगतान से वंचित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली और समितियों के माध्यम से आवेदकों के आवेदन यथाशीघ्र संग्रहित कर भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेकटर ने इसके साथ ही आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्रें के लिए प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की जानकारी भी ली। इसके साथ ही उन्होंने सभी वन अधिकार पत्रधारकों को ऋण पुस्तिका अनिवार्य तौर पर प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने यहां पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा ग्रामीणों से भी बातचीत करते हुए यहां प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लोक सेवा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध कराई जा रही सेवा दर की सूची स्पष्ट प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए।

- आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्रों की ली जानकारी

**जनपद कार्यालय पहुंचे कलेक्टर**

उन्होंने इसके साथ ही राजस्व वूसली के संबंध में भी जानकारी ली तथा गति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही जनपद पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चालएँ ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनिकेत साहू, नायब तहसीलदार एसके भोई, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीएल देवांगन उपस्थित रहे।

## राजा राम को मिला शीर्ष हिंदी सेवा सम्मान



**कोण्डागांव।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के तत्वावधान में मुंबई बांद्रा के उत्तर भारतीय भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में बस्तर छत्तीसगढ बस्तर कोंडागांव की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राजाराम त्रिपाठी को उनके दीर्घकालिक विशिष्ट साहित्य सेवा के लिए देश की पांच चुनिंदा हस्तियों प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा, भारत के अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ग्रेग पार्डो, राजेंद्र प्रताप सिंह चेयरमैन योगायतन ग्रुप, तथा वरिष्ठ पत्रकार कहानीकार डॉ. सुदर्शना द्विवेदी के साथ सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया निर्माणाधीन सोनपुर खजरावंड मार्ग का निरीक्षण, कार्य बंद मिलने पर जताई नाराजगी



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को बड़े राजपुर विकासखण्ड के सोनपुर खजरावंड मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य को बंद रखने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनिकेत साहू सहित लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फरसगांव अस्पताल में रक्तदान शिविर

**फरसगांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवक और युवतियों ने हिस्सा लिया, जिसमे नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के कुल 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जूस और फल भी दिए गए। आपको बता दे कि विगत दिनों केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम द्वारा फरसगांव का निरीक्षण कर अस्पताल में ब्लड बैंक खोलने के निर्देश दिये थे ताकि आवश्यकता अनुसार मरीजों को तत्काल ब्लड मिल सके। इस दौरान फरसगांव बीएमओ जोयतिर्मयी प्रभावती, ब्लड बैंक प्रभारी शैलेंद्र भोयर, बीपीएम चेतन चौहान, मनोज नेताम, धीरेंद्र मरकाम, सुजीत मरकाम सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## निगम टीम ने सरकारी संपत्ति से हटाए 150 बैनर पोस्टर

**धमतरी।** नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम टीम ने शहर में अभियान चलाकर विद्युत पोल, सरकारी संपत्ति पर लगाए गए 150 से अधिक बैनर पोस्टर हटाए। उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि शहर के अंदरूनी इलाकों सहित नेशनल हाईवे मार्ग में निगम टीम ने कार्रवाई की है।गौरतलब है कि शहर के कुछ व्यवसायी, शैक्षणिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी संपत्ति में बैनर, पोस्टर, विज्ञापन होर्डिंग लगा दिया जाता है जो अवैधानिक श्रेणी में आता है। साथ ही सरकारी संपत्ति का दुरूपयोग होता है। शहर के विद्युत पोल में तो इसकी भरमार है। सड़क के बीचों-बीच व साइड में बैनर पोस्टर लगा देने से दुर्घटनाओं में वृद्धि तो होती है साथ ही शहर की खूबसूरती में भी बाधा उत्पन्न होती है। इसे देखते हुए निगम ने अभियान चलाया है।

# 10.60 लाख के गांजा के साथ एमपी के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सांकरा



उड़ीसा से मारुति कार जेन से गांजा की तस्करी कर रहे दो तस्करों को बोराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान कार से 10 लाख 60 हजार का अवैध गांजा बरामद किया गया है। बोराई चेक पोस्ट में थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उड़ीसा प्रांत की ओर से मारुति कार जेन आ रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गाड़ी रोककर संदेहियों से नाम पता पूछा। एक ने अपना नाम तोषण विश्वकर्मा उर्फ राजा पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 15 गाजन थाना रामपुर बधेलान जिला सतना (मप्र) , दूसरे ने विजय कुमार विश्वकर्मा पिता रामजी विश्वकर्मा उम्र 36 वर्ष साकिन रतहरी थाना सिविल लाईन रीवां जिला रीवा (मप्र) बताया। सिल्वर रंग की मारुति कार जेन एलएक्स क्र. एमपी 20 एफए 2513 की तलाशी के दौरान तीन बोरियों के अंदर गांजा पाया गया। संदेहियों ने मादक पदार्थ गांजा को रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। कुल 53 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत लगभग 10,60,000 रूपये आंकी गई है। घटना में प्रयुक्त 1 नग मारुति जेन कार कीमत 40,000, 2 नग मोबाइल कीमत 9500 एवं नकदी रकम 1300 रुपये कुल 11,10,800 रूपये जब्त किया गया है। इसे गवाहों के समक्ष सील बंद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश जगत, सउनि रामकृष्ण साहू, प्रआर वेदराम मरकाम, सौरभ पटेल, आरक्षक प्रदीप देव, जितेंद्र कोर्राम, कुबेर जुर्री, प्रमोद गहाड़े, संजय ओगरे, नरेश सिदार, रामचरण ध्रुव, डीएसएफ भारत बंजारा का योगदान रहा।



# मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा : रंजना

- विकसित भारत संकल्प यात्रा शंकरदाह पहुंची
- पूर्व विधायक ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



अंचल में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम शंकरदाह में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू थीं। उन्होंने गणमान्य जनों को शपथ दिलाकर हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। अतिथि उद्बोधन में श्रीमती साहू ने कहा कि नए भारत का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश हित के लिए कार्य किए हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य केंद्र की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करना है।

भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान देश के विकास की गाथा प्रदर्शित करेगा। हितग्राहियों में जन जागरूकता आएगी और सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री बीथिका विश्वास, शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, अशोक कुमार साहू, ममता सिनहा, विश्राम साहू, पूरन साहू, अमृतलाल ध्रुव, नरेंद्र साहू सरपंच, सोहन साहू उप सरपंच, कलीबाई ध्रुव, प्रकाश पाटले, धरम, प्रदीप सिन्हा, श्यामा साहू, अमृता ध्रुव, ओमती साहू, आशा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगरवासियों को योजनाओं की दी गई जानकारी

# न पं फरसगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरूवार को फरसगांव के नगर पंचायत कार्यालय के सामने जनपद स्कूल मैदान में शिविर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम उपस्तिथ लोगों को विकसित भारत हेतु संकल्प दिलाया गया। इस शिविर में सभी विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा नगरवासियों को सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ को बताया गया और पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाया गया। नगरवासियों ने अपनी अपनी समस्याओं के लिए आवेदन दिया गया। इस शिविर में 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 100 से अधिक आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया, तो कुछ आवेदन के लिए समय दिया गया है। जिसका निरीक्षण करके किया जाएगा। साथ ही बच्चों के द्वारा धरती कहे पुकार के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान फरसगांव एसडीएम कावेरी मरकाम, तहसीलदार डॉ जयकुमार नाग, नायाब तहसीलदार निधि नेताम, नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह राजपूत, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीर सिंह बदेशा, तरुण साना, गणेश जायसवाल, शैल सेठिया सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी नगरवासी उपस्तिथ रहे।

## पेज 11 के शेष

### पर्यटन स्थल के रूप...

बनाने में सहयोग दें। कलेक्टर ने टाईपदर के गणेश बहार नाला में स्थापित स्टाप डेम, लिफ्ट एरिगेशन के लिए स्थापित टरबाईन और स्टोरेज टैंक का अवलोकन कर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सुकमा और जशपुर जिले में स्थापित लिफ्ट एरिगेशन के कार्य के समान गति देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, जल संसाधन विभाग के रिछारिया, जनपद सीईओ अमित भाटिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लगभग 6 करोड़ की लागत से बन रहे इस योजना से ग्राम टाईपदर के 40 हेक्टेयर जमीन को सिंचित, गांव की पेयजल और लघु पन बिजली उत्पादन की कार्य योजना है। जिसमें टरबाइन स्थापना और अन्य निर्माण कार्य को गति दी गई है। पानी का स्टोरेज टैंक तक पहुंचाने वाली काम को पूर्ण कर जांच किया जा चुका है।

**ग्रामीणों से की चर्चा:** कलेक्टर विजय अपने निरीक्षण दौरे में अचानक तिरिया के संगम स्थल का निरीक्षण किये और ग्रामीणों से तिरिया को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में चर्चा किए।

### रामभक्त घर-घर पहुंचा रहे...

खत्री, ओम प्रकाश, मृणाल मल्लिक, सम्पत रावत, अभय राय, सुलन, लक्ष्मी, ह्रीना मिश्रा, संतोषी, रेवती, मंजु, नम्रता, अनिता, रेणु ,रोशनी , हेमलता, सुधा, शशि, निशा, ज्योति, यश, रुद्रांश, बच्चे समेत राम भक्त शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## ग्रामीणों को दी गई स्वच्छता की जानकारी



**बीजापुर।** केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने व लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत वंगापल्ली जनपद पंचायत भोपालपटनम में किया गया। हितग्राहियों ने कार्यक्रम के संबंध में खुशी जाहिर की और केन्द्र सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए एक वरदान है। उसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय बनाए गए हैं, जिन्हें स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। साथ ही हमें अपने-अपने घरों एवं आस-पास स्वच्छता का ख्याल रखना चाहिए ताकि बैक्टीरिया जनित रोगों से बचाव हो सके। यह जानकारी मिलने से ग्रामीण अब पहले की अपेक्षा साफ और स्वच्छ होने लगे हैं।

## निर्मल आंगनबाड़ी स्वच्छता से शिक्षा का अभियान



**दंतेवाड़ा।** किरंदुल एवं कुआकोण्डा परियोजना में 8 जनवरी को निर्मल आंगनबाड़ी स्वच्छता से शिक्षा की ओर अभियान शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि आंकाक्षी भारत सहयोगी पिरामल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ जो आकांक्षी जिला का प्रमुख विकास सहयोगी संस्था के रूप में जिला दंतेवाड़ा में कार्यरत है। जिसके माध्यम से जिले के 28 आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्मल आंगनबाड़ी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई, सामानों को व्यवस्थित रखना, बच्चों की खेलने और पढ़ने की सामग्री को बच्चों की पहुंच में रचनात्मक तरीके से रखने पर जोर दिया गया। आज जिले के 2 परियोजना किरन्दुल एवं कुआकोण्डा से इस अभियान को पूरे जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलाने के लिए, केन्द्र को एक मॉडल रूप में प्रस्तुत करते हुए अभियान का लॉचिंग किया गया।

**निधन**

## एरिक्सन सोमाजी



**जगदलपुर।** मसीह समाज के आधार स्तंभ रहे स्व. एरिकसन सोमाजी (83) का निधन आज दोपहर को हो गया। कल शांति नगर स्थित मसीह कब्रिस्तान में उनका अंतिम क्रियाकर्म किया जावेगा। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे कोसा सेंटर जगदलपुर से असिस्टेंट मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे दो पुत्र, पुत्र वधू, दो बेटी, दामाद, नाती पोतो से भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### मेडिकल कैम्प के साथ 228वीं वाहिनी ने किया सिविक प्रोग्राम

# एर्राबोर के आसपास के गांवों में बांटे खेल कूद व जरूरत के सामान व दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



ग्राम पंचायत एर्राबोर में सेवा दे रहे 228वीं वाहिनी के एफ कंपनी सीआरपीएफ के द्वारा आज सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। लतीफ कुमार साहू कमांडेंट 228वीं बटालियन के नेतृत्व में आयोजित इस प्रोग्राम में ग्राम कोंगडम एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 400 ग्रामीण जनता, बड़े बुजुर्ग, महिला, बच्चे एवं युवाओं को विभिन्न उपयोगी एवं जरूरी सामानों का वितरण किया गया।

बच्चों के पढ़ाई हेतु शिक्षा सामाग्री, घर में खाना बनाने हेतु बर्तन, मनोरंजन हेतु खेल-कूद के सामान एवं महिला तथा पुरुषों के लिए कपड़े व अन्य घरेलु सामानों का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. संदीप वर्मा सिनियर मेडिकल अधिकारी द्वारा मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीण जनता को स्वास्थ सुविधा एवं दवाईयों का वितरण किया गया। ग्रामीण जनता ने स्वास्थ सुविधाओं का लाभ लिया। सीआरपीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रुप से कमजोर ग्रामीण सदस्यों को सहयोग देने के लिए आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराना है।

यह कदम उन लोगों की मदद करने का प्रयास है, जो आर्थिक रूप से प्रभावित है। ग्रामीणों के मन से नक्सलियों का डर दूर करना तथा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न विकासकारी योजनाओं से जोड़ना है। ग्रामीणों के बीच सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचायी जा सके, साथ में ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित हो सके। कार्यक्रम में मनोज कुमार द्वितीय कमांडेंट, अजित कुमार सिंह उप कमांडेंट 228वीं वाहिनी एवं एफ कंपनी के कमाण्डर अमित कुमार सहायक कमांडेंट, निरीक्षक प्रमोद कुमार, निरीक्षक सुरज कुमार पाल तथा क्षेत्र के सचिव, सरपंच भी उपस्थित रहे।

### अरगट्टा में भी सीआरपीएफ ने किया प्रोग्राम

228वीं बटालियन के बी कंपनी द्वारा ग्राम अरगट्टा में भी सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी। उक्त प्रोग्राम में पुरूषों को लुंगी, महिलाओं को साड़ी, बर्तन एंव घरेलु सामान के साथ, युवाओं को फुटबाल, वॉलीबाल टीम को खेल कूद का सामान, कृषकों का खाद साथ ही सोलर लालटेन, पानी फिल्टर, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग नोटबुक, वाटर बोतल आदि वितरित किया गया। अजीत कुमार उप कमांडेंट 228वीं वाहिनी, एम. राजा सहायक कमांडेंट, कम्पनी कमाण्डर बीके निरीक्षक, प्रशांत भगवती थाना प्रभारी दोरनापाल एवं अरगट्टा गांव के लगभग 400 ग्रामीण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में भी लोगों को स्वास्थ्य एवं भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के फायदों के विषय में अवगत कराते हुए भविष्य में इसी प्रकार की जरूरतों के साथ समन्वय व सहयोग देने की बात सीआरपीएफ के अधिकारियों द्वारा कही गई।

## संकल्प शिविर में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर दिया जा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गीदम ब्लॉक अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत समलूर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, सदस्य राजेश कश्यप, सुदराम भास्कर, ओम सोनी एवं जनपद पंचायत सीईओ क्रांति ध्रुव उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष अंति वेक ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर लाभ देना है। उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और सहकारी समिति के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने के निर्देश दिए। संकल्प शिविर में योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, प्रधानमंत्री के मंशानुसार अंतिम व्यक्ति तक प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है। संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस मौके पर संकल्प शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## राम मंदिर का आमंत्रण ठुकरा के कांग्रेस का सनातनी विरोधी चेहरा आया सामने : बारसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



भारतीय जनता पार्टी के सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी करके राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण को कांग्रेस के द्वारा ठुकराने पर कहां कि फिर एक बार कांग्रेस का सनातनी विरोधी चेहरा सबके सामने आ चुका है।

कांग्रेस पार्टी हमेशा से श्रीराम जी के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह उठाते आई हैं। सिर्फ चुनाव के समय हिंदुओं का वोट लेने के लिए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को मंदिर की याद आती है। राहुल गांधी वोट के लिए जनेऊ धारी ब्राह्मण बन जाते हैं। लेकिन जब सनातन के कार्य का उन्हें बुलावा आता है, तो वोट बैंक की ध्रुवीकरण की चिंता उन्हें सताने लगती है या यह कहे की सनातन धर्म में सोनिया गांधी का परिवार आस्था ही नहीं रखता। कांग्रेस के बड़े नेताओं को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया। परंतु उस निमंत्रण को ठुकराना कांग्रेस की बहुत बड़ी भूल है। ऐसी भी कांग्रेस उस इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है, जिस गठबंधन की पार्टी समाजवादी पार्टी राम भक्तों पर गोली चलवा चुकी है और कांग्रेस के कई नेता राम मंदिर ना बने इस पर कोर्ट में वकील खड़े कर चुके हैं। श्रीराम मंदिर बनने का तारीख पूछ कर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल पूछने वाली कांग्रेस अब जब तारीख सबके सामने हैं तो श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से भाग रही है। सबको पता है कि भारतीय जनता पार्टी मात्र एक पार्टी थी जो खुलकर अयोध्या में श्रीराम मंदिर के पक्ष में थी। क्योंकि श्रीराम ही भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ है। परंतु कांग्रेस पार्टी के ध्रुवीकरण के कारण कई वर्षों से श्रीराम मंदिर निर्माण का कार्य अटका पड़ा था। कांग्रेस शासन काल में तो कांग्रेस के नेताओं ने श्रीराम जानकी के निश्छल प्रेम का प्रतीक श्रीराम सेतु को तोड़ने का भी एफिडेविट दिया था और हमारे भगवान श्रीराम को काल्पनिक कहा था। इंडिया गठबंधन के कई नेता सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं और आज कांग्रेस पार्टी के नेता भी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करके यह साबित कर दिये कि इंडिया गठबंधन सनातन के अपमान के लिए बना है। आगामी लोकसभा चुनाव में श्रीराम जी को मानने वाला भारत का हर एक व्यक्ति कांग्रेस पार्टी को जरूर जवाब देगा।

## स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विकासखंड कुआकोण्डा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं धान खरीदी केंद्र के साथ ही पातरास के नन्हें परिन्दे विद्यालय परिसर का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संबंधित कर्मचारियों को स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में दवाई वितरण कक्ष का अवलोकन कर दवाइयों को व्यवस्थित रखने को कहा। साथ ही मरीजों की सुविधाओं के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं भी सतत एवं नियमित रूप से उपलब्ध रहे। इसके अलावा कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर उपार्जन केन्द्रों का अवलोकन किया। तत्पश्चात कलेक्टर पातररास स्थित नन्हें परिन्दे स्कूल पहुंच बच्चों से मुलाकात किए। उन्होंने बच्चों को अपने अध्ययन और परीक्षा परिणाम पर ध्यान देने और साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान देने को कहा। संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शौचालय में खास तौर पर पानी की पर्याप्त व्यवस्थाओं का ध्यान रखें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन मौजूद

## छग पेंटर एवं मूर्तिकार संघ ने विधायक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



छत्तीसगढ़ पेंटर एवं मूर्तिकार संघ जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से आज मुलाकात की। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सोना ने विधायक को उनकी कैनवास पेंटिंग बनाकर भेंट दी और पेंटर एवं मूर्तिकार संघ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

- संघ की तरफ से विधायक को उनकी कैनवास पेंटिंग की गई भेंट

संघ के संरक्षक रघु कौशल एवं सभी कलाकारों द्वारा विधायक से निवेदन किया गया कि शासन की कल्याणकारी योजना विश्वकर्मा योजना में सभी कलाकारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, परंतु चित्रकार एवं पेंटर को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने इस योजना का लाभ चित्रकार एवं पेंटर को भी दिलवाने का अनुरोध किया। मूर्तिकार एवं पेंटर संघ के लिए जिला कार्यालय की मांग विधायक से की गई। संघ के संरक्षक रघु कौशल एवं जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सोना के नेतृत्व में सभी मूर्तिकार एवं पेंटरों ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार का कार्य स्थानीय चित्रकार, पेंटर, मूर्तिकार को दिया जाए, जिससे स्थानीय कलाकारों को काम मिल सके। इस पर विधायक ने अपनी सहमति देते हुए उनकी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरेश नायक, जय प्रसाद नाग, संतोष कुमार, मोहन विश्वकर्मा, महादेव, सुकमन करताम, चंद्रशेखर, डूवेंद्र कुमार, अशोक सेठिया, हरु मिस्त्री, लव कुमार, राजेश बघेल, राम ठाकुर, मुन्ना मरकाम, साजिद कुरेशी, पलक कुमार, उमेश कुमार, डी श्रीनिवास, अजीत कुजूर, गेंद सिंह, रामदेव, अरुण कुमार, गोलू, बजनू, सामनाथ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव




**लोहंडीगुड़ा।** कैंब्रिज केरला मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल धुरागांव में बुधवार को वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूनम बैज, मालती बैज, भागीरथी बघेल प्रिंसिपल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल उसरीबेड़ा, अरावती कश्यप सरपंच उसरीबेड़ा, दीप्ति बघेल सरपंच धुरागांव एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के संभाग अध्यक्ष जगमोहन सोनी, जिला अध्यक्ष एकांश राव और संस्था के सक्रिय सदस्य शंकर नाग व अरूण कुमार सरदार उपस्थित थे। इस वार्षिक समारोह में स्कूल के बच्चों ने बहुत ही सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल में आयोजित किए गए खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एबीईओ ने स्कूल व बालबाड़ी का किया औचक निरीक्षण



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में संचालित माध्यमिक व प्राथमिक शाला भाटीपारा, प्राथमिक शाला कोल्हियापारा व बालवाड़ी कोल्हियापारा का आज एबीईओ सुशील तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। बच्चों से रूबरू होकर गुणवत्ता की जांच की गई। कक्षा 8वीं के बच्चों की विज्ञान विषय की क्लास भी अधिकारी ने ली। उनके द्वारा आंगनबाड़ी व बालवाड़ी कोल्हियापारा का अवलोकन भी किया गया। जहां प्रिंट रिच वातावरण व बैठक व्यवस्था का मुआयना किया। शालाओं में पदस्थ सभी शिक्षक अपने कार्य पर उपस्थित पाए गए। मध्यान्ह भोजन संचालित पाया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित संकुल समन्वयक विष्णु यादव उपस्थित थे।

## योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने सार्थक प्रयास करें : कलेक्टर



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम मोलसनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विभागों के स्टाल में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने सार्थक प्रयास करें। शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही नहीं छूटना चाहिए। इस दिशा में मैदानी स्तर पर सकारात्मक पहल किया जाए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में किये जा रहे उपचार की जानकारी ली और सभी प्रकार के जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन, डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद सीईओ डॉ.कल्पना ध्रुव सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

## बाल विवाह को लेकर जिले में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान




**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत सामाजिक बुराई बाल विवाह को लेकर जिले में विधिक जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान संकल्प यात्रा शिविर में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और बाल विवाह नही कराने संबंधी अपील भी की जा रही है। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं है अपितु कानूनन अपराध भी है। विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। देश में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर-वधु एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती, यहां तक की विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझ कर बाल विवाह कराने में अपना योगदान देकर कानून का उल्लंघन करता है, उसे 2 वर्ष के लिए कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो 1 लाख रुपए तक का हो सकता है। बाल विवाह जीवन के लिए अभिशाप है।

## सीधी भर्ती में स्थानीयों को मिले प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले में नियमित तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती हेतु स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दिए जाने एवं पूर्व में जारी विज्ञापन को निरस्त करने के संबंध में शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग एवं सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर उन्हें आज ज्ञापन सौंपा। प्रान्तीय प्रवक्ता सूरज सिंह ठाकुर ने विधायक चैतराम अटामी से कहा कि पूर्व में जारी विज्ञापन के भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता नहीं दिया जाकर राज्य भर से आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसका परिणाम यह हुआ कि भर्ती में स्थानीय बेरोजगार युवा वर्ग उपेक्षित रहे। जिले में निकाली गई नियमित भर्ती में अन्य जिले के अभ्यर्थियों की नियुक्ति होगी, तो स्थानीय निवासी कहां जायेंगे। सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ दन्तेवाड़ा के जिला संयोजक सूरज सिंह ने कहा कि जिले में 10-11 साल से जिले में नियमित सीधी भर्ती नहीं निकली थी। किन्तु वर्तमान में जारी सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन में राज्य भर से आवेदन मंगाए जाने से स्थानीय शिक्षित युवा वर्ग एवं 10-12 साल से संविदा में कार्यरत कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया से वंचित हो गये हैं।

यदि अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन होता है, तो जिले के निवासियों को रोजगार नहीं मिल सकेगा। इस कारण स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। विधायक चैतराम अटामी ने आश्वासन दिलाया है कि इस संबंध में पूर्व में भी मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया गया है, साथ ही जिला कलेक्टर से भी चर्चा की जावेगी।

**कार्यालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बकावण्ड, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 78/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिए आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश पिता स्व. हरदास जाति भतरा निवासी ग्राम किंजोली तहसील बकावण्ड जिला बस्तर ने अपने पिता स्व. हरदास पिता स्व. बुरन्दू ग्राम किंजोली तहसील बकावण्ड जिला बस्तर का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. हरदास पिता स्व. बुरन्दू ग्राम किंजोली तहसील बकावण्ड का मृत्यु दिनांक 19/04/2019 (उन्नीस अप्रैल सन दो हजार उन्नीस) को ग्राम किंजोली तहसील बकावण्ड जिला बस्तर में हुआ है। आवेदक जगदीश पिता स्व. हरदास जाति भतरा निवासी ग्राम किंजोली तहसील बकावण्ड जिला बस्तर को अपने पिता स्व. हरदास पिता स्व. बुरन्दू ग्राम किंजोली तहसील बकावण्ड जिला बस्तर का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 29/01/2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 22/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बकावण्ड, जिला-बस्तर

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने बीटेक पास जुगल को दी शिक्षक की नौकरी



जगदलपुर। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिले के संवेदनशील क्षेत्र चांदामेटा के बी-टेक पास जुगल किशोर को आश्रम शाला में कंप्यूटर शिक्षक की नौकरी दी। कलेक्टर ने कहा कि बहुत कम लोग है जो अतिसंवेदनशील क्षेत्र से निकलकर उच्च शिक्षा ग्रहण किए हो, प्रशासन हमेशा ऐसे क्षेत्रों से निकलने वाले युवाओं की सराहना और हरसंभव सहयोग करने का प्रयास करती है। अति संवेदनशील क्षेत्र के बच्चे का उच्च शिक्षा प्राप्त करना भी एक बड़ी उपलब्धि है।

### मैत्री संघ विद्या निकेतन में स्वास्थ्य परीक्षण



जगदलपुर। ग्रामीण चिकित्सा सहायक सविता देवांगन, स्टाफ नर्स प्रीति यादव, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 निलय राय, ड्रेसर गेट-1 संजय गागरा, हीरामणि वार्ड आया, बबलू खान वाहन चालक मैत्री संघ विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण में आए डॉक्टर एवं स्टाफ ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं स्टाफ ने सहयोग किया। प्राचार्य इंद्राणी नंदी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का आभार माना एवं भविष्य में भी स्वास्थ्य विभाग से सहयोग की अपेक्षा की।

### प्रफुल्ल भारत की नियुक्ति से बढ़ा बस्तर का मान

जगदलपुर। प्रभु श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के निवासियों को अयोध्या धाम दर्शन कराने श्रीरामलला दर्शन योजना को स्वीकृति देकर अविलंब आरंभ करने के प्रदेश की भाजपा सरकार के निर्णय के लिये भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 20 हजार लोग प्रति वर्ष श्रीरामलला दर्शन योजना का लाभ लेकर अयोध्या धाम तीर्थ पूर्ण करेंगे यह गर्व का विषय है। अवस्थी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा महाधिवक्ता पद पर प्रफुल्ल भारत को नियुक्त किया हैं। वे बस्तर के रहवासी हैं उनकी नियुक्ति से बस्तर का मान बढ़ा है।



### विद्यार्थियों ने जाना सेल्स और मार्केटिंग का काम



नगरनार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरनार में व्यवसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को व्यवसायिक भ्रमण के तहत प्राचार्य ज्योति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षक भाविन राठौड़ ने विशाल मेगा मार्ट एवं रिलायंस ट्रेंड का भ्रमण कराया। विद्यार्थियों ने प्रायोगिक कार्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। स्टोर मैनेजर ने कस्टमर हैंडलिंग, स्टोर प्रबंधन, सेल्स एवं मार्केटिंग को सहजता से सिखा। प्राचार्य ने कहा कि नवीन व्यवसायिक कार्यक्रम से बच्चों में नए कौशल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी जिससे बच्चे आत्मनिर्भर बनेंगे।

### 19 ग्राम पंचायतों में पहुंची एलईडी वैन

जगदलपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं के प्रचार हेतु एलईडी वैन कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के 19 ग्राम पंचायतों में पहुंची। बस्तर विकासखंड के बनियागांव, नन्दपुरा और केशरपाल, दरभा विकासखंड के छिंदगुर और मुण्डागढ़, जगदलपुर विकासखण्ड में खम्हारगांव, खुटपदर और बम्हनी तथा तोकापाल विकासखंड के राजूर-2, बड़े आरापुर और तेलंगा आरापुर, बास्तानार ब्लॉक के तिरथुम, सिलकझोड़ी, कोड़ेनार-2 एवं गोरियापाल सहित बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत फरसरा, डिमरापाल एवं छोटे जिराखाल में एलईडी वैन पहुंची।

## मध्यान्ह भोजन व्यवस्था बंद होने के कगार पर

# पांच माह से कर्ज लेकर स्कूल के बच्चों को खिला रही भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





- दुकानदार भी अब उधार देने हाथ पीछे कर रहे, महिलाओं में निराशा

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था संचालित की जा रही है। लेकिन पिछले 5 माह से शासन से राशि जारी नही होने से अब मध्यान्ह भोजन योजना बंद होने के कगार पर है। मिली जानकारी अनुसार बस्तर जिले में संचालित 72 स्कूलों में मध्याह्न भोजन व्यवस्था जारी है। लेकिन समय पर इस योजना के सफल संचालन के लिए फंड जारी नही किये जाने से समूह की महिलाएं बंद करने का मन बना रही है। लगातार बढ़ते कर्ज के बोझ से परेशान समुह की महिलाएं बच्चो को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन व्यवस्था बंद करने की बात कह रहे है। समुह की महिलाएं अधिकारियों के पास जाकर विनती कर रही हैं। इस दौरान 5 माह तक सभी समुह की महिलाएं दुकानदारों से कर्ज लेकर जैसे-तैसे संचालित कर रही है। दुकानों का कर्ज भी लाखों में पहुंच गया है। अब दुकानदार भी राशन समाग्री देने से हाथ खींच रहे है। जिससे समूहों की महिलाएं निराश होकर व्यवस्था को सुचारू संचालन के लिए असमर्थता जता रही हैं। चर्चा में मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि वे 5 माह से कर्ज लेकर बच्चो को मध्यान्ह भोजन खिला रही हैं और सभी समूहों के ऊपर काफी कर्ज बढ़ गया हैं। अब उनको दुकानदारो ने राशन देने से भी मना कर दिया हैं। वे अपने घर के रूपयो से मध्यान्ह भोजन को संचालित कर रहीहै। ऐसे में अब जल्द ही राशि जारी नही की जाती हैं तो वे सब मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को बन्द कर देंगी।

### 2 माह का किश्त जारी

जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने कहा समूह को 2 माह का किश्त जारी कर दिया गया हैं। जल्द ही शेष राशि भी जारी करने शासन को पत्र लिखा गया है। जैसे ही आबंटन प्राप्त होगा,समूह की महिलाओ को राशि जारी किया जाएगा।

## राजपुरोहित ने अयोध्या के विषय में पीएम-सीएम को भेजा पत्र, आया जवाब

जगदलपुर। रामजन्म भूमि अयोध्या में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रभू श्रीराम के बाल व किशोर छवि को श्याम रंग में अपसव्य की मुद्रा में दिखा रहे हैं। यह मुद्रा हिन्दू वर्ण में अंतिम संस्कार, श्राद्ध, पितृ-मातृ आदि कर्तव्यों को लिया हुआ रहता है। क्रियाकर्ता के अपसव्य मुद्रा में यज्ञोपवित (जनेऊ) दाहिने कंधे में रहता है। सव्य मुद्रा में जनेऊ बाएं कंधे पर रहता है इसलिए यह त्रुटि दोषपूर्ण है। इस विषय में सुधार के लिए बस्तर के राजपुरोहित पं. जोगेन्द्र महापात्र जोगी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। जिसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री और श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के मुख्य पुजारी पं. सत्येन्द्र दाश को भी प्रेषित किया है। उल्लेखनीय है कि रामलला के मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ने जो शिलान्यास किया था वहां जिस पुरोहित के द्वारा संकल्प मंत्रोच्चारण किया गया उस संकल्प मंत्र में प्रमुख विषओं को समावेश नहीं किया गया था। जिस पर राजपुरोहित जोगेन्द्र महापात्र ने प्रधानमंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया था। उन्होंने बताया कि आज ही प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय से भेजा गया पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें इस पर उचित कार्रवाई की बात कही गई है।

## टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा में बिल्ला इलेवन ने लाल चर्च को हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने जिला प्रशासन के पहल से गांधी मैदान में टेनिस बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता के पांचवे दिन का प्रथम मैच लाल चर्च विरुद्ध बिल्ला इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें

- बस्तर हॉट और 19वीं बटालियन पोखरण की टीम ने जीता मैच

बिल्ला इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिल्ला इलेवन के बल्लेबाजों ने शानदार बैटिंग का प्रदर्शन किया। टीम के कुलदीप ने 30 रन, विजय 20 गेंद पर नाबाद 51 रन, छक्के चौके के साथ बनाए बनाए। बिल्ला इलेवन की टीम 108 रन बनाया। चर्च इलेवन की पूरी टीम 88 रन पर ऑलाउट हो गई। दूसरा मैच महेश इलेवन और बस्तर हॉट के मध्य खेला गया। बस्तर हॉट ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर 82 रन बनाए। हर्ष ने 20 रन और अजय ने 27रन बनाए। महेश इलेवन की टीम खराब बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और पूरी टीम 31 रन पर ऑल आउट हो गई। तीसरा और अंतिम मैच कोसमी इलेवन और 19वी बटालियन पोखरण के मध्य खेला गया।

कोसमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पूरी टीम 67रन बना कर आउट हो गई। 19वी बटालियन पोखरण की टीम शुरू से तेज बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए आसानी से 68 रन बना ली,पांच विकेट से यह मैच जीत ली। आज मैच को देखने के लिए एक हजार दर्शक मैच का लुफ्त उठाने मैदान में एकत्र थे,जिससे पूरा स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। मैच के अंपायर पंकज मूर्ति, अभय माने, मोहम्मद साहिबा,अभिषेक बनिक, एवं हर्ष पांडे थे। खेल संचालन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक राजेंद्र डेकाटे,राजकुमार महतो, जोगेंद्र ठाकुर, सुनील पिल्ले, कोटेश्वरा राव नायडू, वेद प्रकाश सोनी, चंद्र मोहन वर्मा, राजेश देशमुख,मनोज साहू, अविनाश सेठ, सागर शर्मा,दीपक यादव, और अन्य लोग उपस्थित थे।

## राजीव भवन में मनी लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि पर चित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महापौर सफिरा साहू ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे विनम्र, उच्च आत्मसम्मान और नैतिकता के साथ अनुशासित, सहनशील एवं महान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया और भारत के भविष्य को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी अंगद प्रसाद त्रिपाठी, नरेन्द्र तिवारी, अभिषेक नायडू, महेश द्विवेदी, ललिता राव, श्वेता बघेल, विशाल खम्बारी, पप्पू तिवारी, सलीम खान, नीरज जोशी, आरके गिरी समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन पेंशनर अपने घरों में जलाएंगे 5-5 दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में नवीन सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की जिनका फूल माला पहनाकर

- बैठक में नए सदस्यों को दी गई सदस्यता

स्वागत किया गया। जिनमें सेवा निवृत्त प्राचार्य डॉ मदनलाल लखनपाल, गणपति सेट स्वास्थ्य विभाग लोहण्डीगुड़ा, कांतिलाल चिरान एडीईओ तोकापाल शामिल थे। अध्यक्ष ने वर्तमान जिला अध्यक्ष दयाराम का आभार व्यक्त करते कहा कि आज सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को सेवा निवृत्त के समय पर ही उनके पीपीओ के साथ ही उनके समस्त स्वत्वों का भुगतान सम्मान के साथ किया जा रहा है। इसके लिए आज की बैठक में कलेक्टर का पेंशनरों ने आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष अजय परिहार तथा आनंद भदौरिया ने विधायक से समय आयोजन का आश्वासन दिया। डॉ मदनलाल लखनपाल ने सदस्यता ग्रहण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। बैंक से संबंधित समस्याओं को अध्यक्ष ने तुरंत निराकरण कराने का प्रयास किया। राजेन्द्र सिंह चौहान ने नये सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में तोकापाल से आरएस विश्वकर्मा, बस्तर से हिरदू राम चोटियां एवं नगरनार से डेनियल साहब अपने साथियों के साथ सदस्यता रसीद बुक प्राप्त किए। अरुण नेताम ने सभी से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने घर के सामने पांच पांच दीपक जलाकर दिवाली मनाने एवं कार्यक्रमों में शामिल होने का अनुरोध किया।

## गांव-गांव में वितरण किया जा रहा अक्षत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार

बस्तर अंचल में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी इन दिनों भगवान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत का वितरण मातृ शक्तियों द्वारा किया जा रहा है। भगवान राम के जयकारे के साथ महिलाएं घर-घर पहुंच रही है और 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दे रही है।

गुरूवार को नगरनार समेत आसपास के गांव में पहुंची मातृशक्तियों द्वारा घर घर पहुंचकर अक्षत का वितरण किया गया। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि मकर संक्राति से लेकर 22 जनवारी तक अपने अपने गावों में सुंदरकाण्ड व अखण्ड रामायण पाठ करने प्रोत्साहित कर रहे है। वहीं प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर घरों में रोशनी कर आंगन में रगोंली सजाने और दीप प्रज्जवलित कर दीपावली की तरह उत्सव मनाने का आव्हान किया जा रहा है। इस दौरान गांव के प्रबुद्ध जन, सिरहा, पुजारी, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और बीजेपी के कार्यकर्ता भी सम्मिलित रहे। घर घर अक्षत वितरण करने में महिलाओं के अलावा सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों व सभी दीदीयों का विशेष योगदान रहा।

## कमिश्नर ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े ने बुधवार को उत्तर बस्तर कांकेर जिले के चारामा विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम लखनपुरी, कानापोड़

- निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण के लिए दिए आवश्यक निर्देश

तथा जैसाकर्रा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ से मतदाता जनसंख्या अनुपात, कुल मतदाताओं की संख्या, महिला एवं पुरूष मतदान प्रतिशत एवं अन्य आवश्यक जानकारी ली। कमिश्नर धावड़े ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्धता सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नये मतदाताओं का नाम जोड़ने, मतदाता सूची में त्रुटि सुधार एवं हटाने संबंधी कार्यों की भी जानकारी ली और निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर चारामा एसडीएम राकेश गोलछा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अवैध वसूली करने वालों पर होगी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता के नाम पर

- कमिश्नर और एसपी ने पत्रकार संघ को दिया आश्वासन

कतिपय लोगों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के पंचायतों, धान खरीदी केंद्रों, दवाई दुकानों और अन्य स्थलों में जाकर विडियो बनाने और गड़बड़ी का समाचार जारी करने धमकाया जा रहा है। जिसके चलते पत्रकार जगत पर आरोप लग रहे हैं जबकि अवैध वसूली में घुमने वाले लोग पत्रकार संघ के सदस्य नहीं हैं और उनका कार्य पत्रकारिता को बदनाम करने वाला प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में गुरूवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कमिश्नर श्याम धावड़े तथा एसपी शशिमोहन सिंह को ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई करने ज्ञापन सौंपा। कमिश्नर ने सभी सातों जिलों के कलेक्टर को पत्र भेजने एवं चर्चा करने की बात कही। वहीं पुलिस कप्तान ने कहा कि प्रेस और पुलिस वाहन में लिखवा कर गलत तत्व अनुचित उपयोग कर रहे हैं। पत्रकार होने का धौंस देकर काम करने वाले गलत लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीओपी और थानेदारों को इस मामले में कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखने की बात कही। इस दौरान बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल, सचिव धर्मेन्द्र महापात्र, उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता एवं श्रीनिवास नायडू, सहसचिव अशोक नायडू तथा रितेश पांडे एवं वरिष्ठ पत्रकार संजीव पचोरी समेत बड़ी संख्या में संघ के पत्रकार मौजूद थे।

## वार्षिक उत्सव में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# मेरी आवाज मेरी पहचान म्यूजिकल ग्रुप के 5 वर्ष पूर्ण होने पर संगीत संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




मेरी आवाज मेरी पहचान म्यूजिकल गुरप के 5 साल पूर्ण होने पर सिरहासार भवन में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। कलाकारों ने प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मां सरस्वती की वंदना के साथ सुरमई संध्या की शुरुआत की गई। गीतों भरी शाम में गुरप की ओर से शहर के विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। संगीत के क्षेत्र में विगत 30 वर्षोंर् से सेवा देने वाले कलाकारों में कुसुम दास, संध्या वैष्णव, सुंदरा सिन्हा, एम. ऐ.रहीम, शैलेंद्र तिवारी एवं दिलीप पांडे को शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया। निर्मल विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थी गीतांक्षी श्रीवास एवं वेदांत श्रीवास को खेल में उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। अध्यक्ष आर.पी. पाल ने पदाधिकारियों का परिचय देते कहा गुरप को 5 वर्ष पूर्ण हो चुके है सभी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ है। मेरी आवाज मेरी पहचान म्यूजिकल गुरप हर सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में काम करता रहेगा। संचालन अभय सामदेकर ने किया। इस दौरान राजीव नारंग, नरेश संकट, एल. पी. सोनी, प्रशांत वर्मा, कमल झज्ज, आभा सामदेकर, आशा सोनी, संजय सिंह, डॉ ज्योति लागू, भास्कर पांडेय, दीपक वाधवानी, जगन्नाथ साहा, शिव प्रकाश सी.जी., संग्राम सिंह राणा, मंजू पॉल, दीपलता उइके, ज्योति गर्ग, ममता राणा, संगीता सिंह, प्रकाश रथ,एम. बी.मंजूषा, राहुल सिंह, एम. बी. बिट्टू, जी.वी.एस.राव सहित सदस्य व श्रोता उपस्थित थे।

